कार्यालय नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांक 1161 / सम्प0अनु0 / न0नि0सहा0 / 2022–23 दिनांकः– 18/08/2022

प्रभारी मीडिया,

इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन (सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दरों पर) रोस्टर के अनुसार तीन समाचार पत्र दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक अमर उजाला एवं दैनिक अमर भारती समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में, नौ फांट में, प्रकाशित कर, बिल 3 प्रतियों सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। यदि आपके समाचार पत्र द्वारा उक्त निर्देश का उल्लंघन किया जाता है, तो आपके बिल से कटौती कर भुगतान किया जायेगा, अथवा बिल का भुगतान बाधित किया जा सकता है। जिस हेतु कोई क्लैम मान्य नही होगा।

कार्यालय नगर निगम सहारनपुर।

—————::::**ई–निविदा संशोधन सूचना**::::—————

कार्यालय नगर निगम सहारनपुर के पत्र संख्या 1159 / सम्प0अनु0 दिनांक 17.08.2022 द्वारा ठेका मेला म्हाडी व ठेका मेला गुघाल वर्ष 2022 हेतु ई–निविदा दिनांक 23.08.2022 को आमंत्रित की गयी है, जिसकी विज्ञप्ति दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक अमर उजाला, व दैनिक अमर भारती में प्रकाशित हुयी है, ई–निविदा दिनांक 23.08.2022 को यदि उक्त ठेका मेला म्हाडी व ठेका मेला गुघाल में पर्याप्त वैध निविदा प्राप्त नही होती है, तो दिनांक 24.08.2022 व 25.08.2022 को उक्त ठेकों में खुली बोली नीलामी नगर निगम सहारनपुर के कान्फ्रेंसिग हॉल में अपरान्ह 03:00 बजे की जायेगी।

प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)
नगर निगम सहारनपुर।

मा0 महापौर महोदय को निर्देशों के अनुक्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–नगर आयुक्त महोदया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2–अपर नगर आयुक्त / मेला अधिकारी को उनके निर्देशों के अनुक्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3–श्री प्रदीप पंवार, मेला संयोजक एवं नीलामी समिति के सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।
4–प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कुतुबशेर को उपरोक्त तिथि में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु।
5–रिकार्ड कीपर को नीलाम की व्यवस्था कराने हेतु।
6–नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)
नगर निगम सहारनपुर

Scanned with CamScanner